प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक बक्सर

सूचना संख्याः—   / बक्सर, दिनांकः—

आवश्यक सूचना

राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार, पटना के पत्रांकः—1088, दिनांक—06/04/2021 के निर्देशानुसार सत्र—2020—21 में प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर (Lateral Entry) में **Offline MOP-UP Round** काउन्सेलिंग/साक्षात्कार के उपरान्त चयनित होकर नामांकन लिए हैं, वैसे सभी छात्र—छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आगामी डिप्लोमा की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु संस्थान के वेबसाइट—**www.gpbuxar.org** से **Offline Registration Form** (निबंधन आवेदन—प्रपत्र) डाउनलोड कर BCECEB, IAS Bhawan में उपयोग में लाए गए फोटो के अनुरूप चिपका कर, हस्ताक्षर कर **दिनांकः—29/04/2021** तक किसी भी परिस्थिति में परीक्षा शाखा में जमा कर देंगे। छात्र—छात्राओं का निबंधन आवेदन—प्रपत्र लेने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी निम्नलिखित प्रमाण—पत्रों की स्व—अभिप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करवाकर एवं चिपकाए गए फोटो (BCECEB, IAS Bhawan में उपयोग में लाए गए फोटो के अनुरूप) का मिलान कर जमा कर लेंगे। **अन्यथा उनका निबंधन आवेदन—प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होंगे। जिसके जिम्मेवार छात्र/ छात्राएँ स्वंय होंगे।**

उक्त तिथि के बाद **दिनांकः—03/05/2021** तक रू0 100=00 प्रतिदिन विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार्य होंगे।

सभी नये नामांकित छात्रों/ छात्राओं को निबंधन आवेदन—प्रपत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण—पत्रों की स्व—अभिप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न कर जमा करना होगाः—

(01) सीट एलॉटमेंट/एडमिट ऑर्डर,
(02) मैट्रिक का अंक—पत्र,
(03) मैट्रिक का मूल प्रमाण—पत्र,
(04) आधार—कार्ड,
(05) नामांकन रसीद,
(06) जाति प्रमाण—पत्र (केवल SC/ ST छात्र—छात्राओं के लिए),
(07) निःशक्ता प्रमाण—पत्र (केवल Handicaped छात्र—छात्राओं के लिए) एवं
(08) व्यवसायिक शिक्षा प्रमाण—पत्र (केवल Lateral Entry छात्र—छात्राओं के लिए)

नोटः— रा0पो0 बक्सर के छात्र—छात्राऐं निबंधन आवेदन—प्रपत्र रा0पो0 कैमूर परिसर में ही जमा करेंगे।

ह0/-
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक,
बक्सर

ज्ञापांकः— 507   **/ बक्सर, दिनांकः—** 07.04.2021

प्रतिलिपिः—(01) संस्थान के वेबसाइट/सूचना—पट्ट पर संबंधित छात्र—छात्राओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
(02) संस्थान के संबंधित सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

07/04/21
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
बक्सर